प्रेस नोट-थाना परशुरामपुरी
जनपद शाहजहाँपुर
दिनांक – 07.11.2026

थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना परशुरामपुरी के नेतृत्व में जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 04.11.2026 को वादी द्वारा दी गई तहरीर बावत अभियुक्त लोकेश कुशवाह पुत्र रामइच्छा,उम्र करीब 21 वर्ष, नि0 ग्राम कूराबण्डा, थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की बहन को घर से गाँव के बाहर बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास करने व उसके भागने की कोशिश पर अभियुक्त व उसके साथी नाम पता अज्ञात द्वारा उसको फाँसी के फँदे पर लटकाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में दाखिल की थी । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना परशुरामपुरी पर मु0अ0स0 516/26 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया । विवेचना दौरान उपलब्ध साक्ष्य व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अभियोग को धारा 103(1) बीएनएस से धारा 108 बीएनएस में तरमीम किया गया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 07.11.2026 को थाना परशुरामपुरी पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त लोकेश कुशवाह पुत्र रामइच्छा,उम्र करीब 21 वर्ष, नि0 ग्राम कूराबण्डा, थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर को परशुरामपुरी – फर्रुखाबाद सडक पर बझेडा नखासा के पास से समय करीब 10.50 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लाते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

- अभियुक्त लोकेश कुशवाह पुत्र रामइच्छा, उम्र 21 वर्ष नि0 ग्राम कूराबण्डा, थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहाँपुर।

पंजीकृत अभियोग का विवरण.....

- मु0अ0स0 516/26 धारा 108 बीएनएस थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।

गिरफ्तारी का दिनांक,समय व स्थान –

- दिनांक 07.11.2026 को, समय करीब 10.50 बजे, परशुरामपुरी – फर्रुखाबाद सडक पर बझेडा नखासा के पास

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक अरविन्द सिह चौहान थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 पवन कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर ।
3. कां0 प्रशान्त कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।
4. का0 प्रवीण कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।
5. का0 देवव्रत थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।
6. चालक का0 अश्वनी पंवार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर।